जांच सूची

श्रमशक्ति

अपने व्यवसाय को दोबारा सुचारु रूप से चलाने के लिए जब आप श्रमशक्ति लगा रहे हैं तो आपके कर्मचारियों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए

अगर आपको व्यापार को दोबारा सुचारु करना है तो इसके लिए आपको पर्याप्त और कुशल श्रमबल चाहिए। इसे सुनिश्चित करने के लिए आपको एक संभावित योजना बनानी पड़ेगी। इससे जुड़ी अध्ययन सामग्री को भी पढ़ें।

कोरोना संक्रमण के रोकथाम की तैयारी	
कोरोना के संक्रमण को रोकें *कार्यस्थल पर संक्रमण को फैलने से रोकें* *'कार्यस्थल की तैयारी' के मापांक को भी देखें*	• फैक्ट्री या कंपनी के परिसर में आने वाले हर कर्मचारी, स्टाफ, ठेकेदार इत्यादि के शरीर के तापमान की जांच थर्मल स्कैनर से करें, साथ ही स्व-घोषणा पत्र (self-declaration form) में उनसे जानकारी भरवाएं • कोरोना को लेकर कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करें। क्या करना है, क्या नहीं करना है ये बताएं? • कार्यस्थल पर साबुन, हैंड वॉश, सैनिटाइजर, टिशू पेपर और पीपीई की उत्तम व्यवस्था करें • कर्मचारियों को काम करने का स्वच्छ और सुरक्षित तरीका बताएं • हर वक्त सामाजिक दूरी बनाए रखें। 6 फीट की दूरी पर काम करने की व्यवस्था बनाएं • साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए अलग से टीम बनाएं • समय समय पर कर्मचरियों के स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें
कामगारों का सहयोग करें *मौजूदा हालात को देखते हुए मजदूरों और उनके परिवार का पूरा सहयोग करें*	• कर्मचारियों से व्यावसायिक लक्ष्य साझा करते रहें, ताकि उन्हें आपके प्लान का पता हो और वो उसी हिसाब से काम करें • प्रवासी मजदूरों के लिए रहने, खाने और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करें • जो कर्मचारी पैसों की किल्लत से जूझ रहे हैं उनकी मदद करें
कर्मचारियों से लगातार संपर्क में रहें	• कर्मचारियों की छुट्टियों, हाजिरी इत्यादि की नीतियों में मौजूदा हालात के हिसाब से बदलाव करें • कर्मचारियों के सुझाव जरूर सुनें, इससे काम के संचालन में आसानी होगी

जांच सूची

कर्मचारियों को प्रेरित रखने के लिए उनसे बीच-बीच में संवाद करते रहें, लगातार संपर्क में रहें	• कर्मचारियों के साथ संपर्क में रहने के लिए अलग अलग जरियों का इस्तेमाल करें
जनशक्ति प्रबंधन के संचालन संबंधी पहलू	
कर्मचारी	• ऐसे कर्मचारियों की लिस्ट बनाएं जो काम पर वापस लौटना चाहते हैं • पाबंदियों के हटने के बाद कर्मचारियों को काम पर लाने की व्यवस्था करें • कर्मचारियों के बीच मल्टीटास्किंग (एक साथ कई कार्य कौशल) को बढ़ावा दें • व्यापार के अलग-अलग परिदृश्य के लिए अलग-अलग टीम बनाएं • आसपास के कामगारों को काम में लगाने पर विचार करें। इंटर्न/प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने पर विचार करें • प्रमुख संचालन के लिए जरूरी कार्यबल को ध्यान में रखें • अपने काम को प्रमुखता दें और इसी हिसाब से कर्मचारियों की वापसी की योजना बनाएं • नए कर्मचारियों या जिन कर्मचारियों को नया काम दिया गया है उनके लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था करें • हर कर्मचारी के कार्य कौशल, उनकी पसंद का काम, तकनीकी ज्ञान इत्यादि के हिसाब से लिस्ट तैयार करें और इसी हिसाब से संचालन को शुरू करने की योजना पर काम करें। • श्रमबल की कमी की वजह से कार्य कौशल में आई कमी को चिन्हित करें और उसे पूरा करने के प्लान पर काम करें • उत्पाद और उत्पादन क्षमता को बेहतर करने के लिए ऐसे कर्मचारियों को ट्रेन करें जो प्रमुख संचालनों के लिए कारगर हैं • अच्छे और कौशल कामगारों के लिए आसपास के ITI और अन्य ट्रेनिंग संसथानों से संपर्क में आएं

जांच सूची

	• कर्मचारियों को तकनीकी ऑनलाइन कोर्स करने के लिए बढ़ावा दें ताकि लॉकडाउन के दौरान नई चीजें सीख सकें • वरिष्ठ कर्मचारियों से संपर्क में रहें ताकि नए कर्मचारियों को ट्रेनिंग में आप उनकी मदद ले सकें • कर्मचारियों के बीच सकारात्मक स्पर्धा को बढ़ावा दें • कर्मचारियों से उनके अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करें और बीच-बीच में सम्मानित करें • कर्मचारियों से राय-सुझाव लेते रहें ताकि उन्हें भी अपनी महत्ता का अंदाजा हो। इससे आपको भी कोई निर्णय लेने में आसानी होगी
कार्यस्थल	• नई परिस्थितियों के हिसाब से फैक्ट्री में काम के बंटवारे, संसाधनों, उत्पादन क्षमता इत्यादि की समीक्षा करें • काम करने के तरीकों में लचीलापन लाएं ताकि एक बार में ज्यादा कर्मचारियों की मौजूदगी न हो • कार्यस्थल को अलग-अलग जोन में बांटें ताकि लोग एक-दूसरे से कम से कम मिलें और उनमें पर्याप्त दूरी बनी रहे • कार्यस्थल को ऐसे व्यवस्थित करें कि काम करने में आसानी हो और उत्पादन बढ़े। 5S तकनीक का इस्तेमाल करें (चीजों को चिन्हित करें(Sort), क्रम में रखें (Set in order), रखरखाव करें (Shine), मानकीकरण करें (Standardize), व्यवस्था को बरकरार रखें (Sustain)) • कम से कम खर्च में फैक्ट्री की व्यवस्था को स्वचालित बनाने की कोशिश करें- जैसे:- चीजों की मूवमेंट ऐसे करेंकि वो ऊपर से नीचे की तरफ आए जिससे कम से कम श्रमशक्ति लगेगी, प्रोडक्शन लाइन में SMED का प्रयोग करें, इत्यादि **SMED- प्रोडक्शन लाइन की गुणवत्ता को बढ़ाता है, चीजों को तेज गति से आगे बढ़ाता है* • उत्पादन में गलतियों को जल्द से जल्द पकड़ने और उन्हें सुधारने की व्यवस्था करें ताकि उत्पादन क्षमता बढ़े और कम से कम दोष हो

जांच सूची

	• अगर कोई कुशल कर्मचारी घर पर रहकर किसी काम को करने में सक्षम है और इच्छुक है तो उसे बढ़ावा दें
संचालन	• राष्ट्रीय और स्थानीय अधिकारियों द्वारा सुझाए गए दिशानिर्देशों का बारीकी से पालन करें • कार्यस्थल, मशीनों, उपकरणों इत्यादि पर कीटनाशक का छिड़काव करवाते रहें • फैक्ट्री/ऑफिस की सफाई के लिए एक टीम बनाएं • मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) बनाएं और ये सुनिश्चित करें कि उसका पालन हो। कार्यस्थल पर उसे जगह-जगह लगाएं ताकि हर किसी को वो दिखता रहे • कार्यस्थल को ऐसे व्यवस्थित करें कि लोग एक-दूसरे से उपकरणों को साझा न करें • गैर जरूरी बिजनेस ट्रिप और ट्रैवल को कम करें • इंटरनेट के जरिए मीटिंग को बढ़ावा दें • पेपर, कैश इत्यादि का इस्तेमाल कम से कम करें • सुपरवाइजर और मैनेजर ये सुनिश्चित करते रहें कि ऊपर दिए गए सभी नियमों का पालन अच्छे से हो रहा है